हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 समता कॉलोनी में विचार गोष्ठी आयोजित





14 पलारी में शिरोमणि भक्त गुहा निषाद राज जयंती ...






## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार टाइल्स से भरी ट्रक पलटी, चालक फरार



**बालोद।** टाईल्स लेकर जा रही तेज रफ्तार ट्रक सड़क में अचानक पलट गई, जिससे ट्रक में भरे टाईल्स सड़क पर बिखर गए। जहां ट्रक पलटने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुंगेरा गांव के पास की बताई जा रही है। जहां टाईल्स लेकर जा रही ट्रक तेज रफ्तार में थी। जहां सड़क पर बैठी गाय को बचाने के लिए ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के चलते ट्रक में लदी टाईल्स सड़क पर दूर तक बिखर गई और पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक गुजरात से रि"चम बंगाल की ओर जा रही थी। आस पास मौजूद लोगो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मार्ग में यातायात बहाल कराया तथा दुर्घटना के बाद ट्रक छोड़कर भागे वाहन चालक की तलाश मे जुट गई। दुर्घटना मे किसी के हताहत होने की जानकारी नही है।

### ग्राम डोकला में मेला मड़ई कल

**गुरूर।** ग्राम डोकला में 22 जनवरी गुरुवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया है, जिसमें रात्रि में मनोरंजन के लिए नाच कार्यक्रम रखा गया है।

## उत्साह : कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और मिठाइयां बांटकर जताई खुशी

# भाजपा शहर मंडल ने नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा शहर मंडल द्वारा नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अटल जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया।

नितिन नवीन की घोषणा होने के बाद अटल परिसर पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटकर नियुक्ति पर खुशीया मनाई महिला मोर्चा की बहनों ने ढोल की थाप पर नृत्य कर खुशी प्रगट किया। कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्ग में रैली निकालकर लोगों को मिठाईयां खिलाई। नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में एक नई ऊर्जा के साथ काम करेगी, यह छत्तीसगढ़ के लिए और गौरव का विषय है कि जिनके नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा, लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता छत्तीसगढ़ के प्रभारी है और उनका बनना हम सबके लिए सुखद अवसर है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, कृष्णकांत पवार, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, राकेश यादव, भुनेश्वरी ठाकुर, निशा योगी, कमल पनपलिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अकबर तिगाला, नरेंद्र सोनवानी, हितेश्वरी कौशिक, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष समीर खान, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश श्रीवास्तव, सुरेश निर्मलकर सहित भाजपा के मंडल पदाधिकारी एवं मंडल में निवासरत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वीरेन्द्र ने राजहरा डेम साईड की सफाई के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** पर्यावरण प्रेमी वीरेन्द्र सिंह ने राजहरा डेम साईड की लाल मिट्टी निकालने हेतु भिलाई स्पात संयंत्र को आदेशित करने की मांग करते हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौपा है।

इस दौरान उन्होने राज्यपाल रमेन डेका से भेट के दौरान गुलमोहर और आंवला का सीड बॉल भेंट किया। वीरेन्द्र सिंह ने 25 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे जल संरक्षण, वन्य प्राणियों को बचाव, पौधारोपण के माध्यम से लगाव पैदा करने कि जानकारी दी। ज्ञापन मे कहा गया है कि लौह नगरी दल्लीराजहरा में स्थित डेम साईड जो कि पूर्व में काफी बड़ा डेम हुआ करता था, इस डेम में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित दिल्ली माइंस व झरन दल्ली माइंस की लाल मिट्टी बह कर इस डेम में जमा हो गई है, जिससे वर्तमान में यह डेम पूरी तरह लाल मिट्टी से पट चुका है। अब डेम की पहचान खत्म हो गई है। यह डेम चारो तरफ पहाड़ो के बीच स्थित है। इस डेम मे वन जीव जैसे भालू, तेंन्दूआं, बंदर, जंगली सुअर, लकड़बघ्घ पानी पीते थे, अनेक प्रकार के प्रवासी पक्षियो का आगमन होता था, जो अब पुरी तरह से विलुप्त हो गए है। वन्य जीवो को अब पानी के लिए काफी दूर भटकना पड़ता है। वीरेन्द्र सिंह ने कहा इसलिए इस डेम में जो लाल मिट्टी जमा हो गया है उसे निकालने हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र के आईओसी को आदेशित किया जाए, जिससे इस डेम को पुनः जीवित किया जा सके और क्षेत्र की सुंदरता को पुनः बहाल किया जा सके।

# रिश्तेदार बनकर महिला से ठगी, जेवरात व नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दर्ज हैं अपराध

ग्राम हल्दी के स्वयं को दूर का रिश्तेदार बताकर महिला के घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी रकम चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नारायण बंजारे उर्फ मुकरी के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त किया गया।

मामले 25 जनवरी 2025 का है। अपने खेत तरफ जा रही महिला को एक व्यक्ति मोटर सायकल से आकर उसे तुम्हारा मायका कहां है और तुम्हारा मां का मामा गांव कहा है। कहने पर प्रार्थी द्वारा अपने मां के मामा गांव की जानकारी देने पर मैं तुम्हारा नाना लगूंगा कहते हुए स्वयं को दूर का रिश्तेदार बताकर प्रार्थिया को विश्वास में लेकर उसके घर अंदर आकर उसके बेड रूम में रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम को चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना देवरी में धारा 305, 331(3) बीएनएस कायम किया गया था। प्रकरण में गठित टीम द्वारा प्रकरण के अज्ञात आरोपी के पता तलाश दौरान संदेही आरोपी नारायण बंजारे उर्फ मुकरी को पकड़कर थाना देवरी लाया गया, जहां गवाहों के समक्ष पुछताछ कर कथन लिया गया।

संदेही आरोपी नारायण बंजारे उर्फ मुकरी द्वारा दिनांक घटना समय को प्रार्थी को उसके दूर का रिश्तेदार बताकर उसके कमरा अंदर प्रवेश कर सोने, चांदी के जेवरात को चोरी करना स्वीकार करते हुये उसकी निशानदेही पर मोटरसाइकिल सीजी 08 ए.एस. 7874 व सोने चांदी के जेवरात एक जोडी सोने का टाप्स, एक जोडी सोने का एयर रिंग, एक नग सोने का मंगल सूत्र, 06 नग गोल दाना, दो नग सोने का मराठी लॉकेट, 04 नग गोल दाना, दो जोडी चांदी की पायल, एक जोडी चांदी का बचकानी पायल, एक नग चांदी का करधन की जप्ती की गई। पूर्व में भी आरोपी नारायण बंजारे उर्फ मुकरी के विरूद्ध थाना अर्जुन्दा, रनचिराई, गुण्डरदेही, सनौद, बालोद क्षेत्र में भी चोरी व धोखाधड़ी जैसे प्रकरण दर्ज है। जिसे 19 जनवरी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।




# धान की बढ़ाई लिमिट, वेरीफिकेशन करेंगे नोडल अधिकारी और पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खबर का असर

लिमिट बढ़ाने की लंबे समय से मांग कर रहे किसानों के लिए राहत बड़ी खबर है। धान खरीदी के लिए महज दस दिन बाकी है लेकिन हजारों किसान धान नहीं बेच पाए हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए अब धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी है। अब किसानों को अपने बढ़े हुए लिमिट के हिसाब से टोकन मिलेगा। इसके लिए किसानों को सोयायटी में यह आवेदन करना है कि उनके पास कितना धान बेचने के लिए शेष है। आवेदन का वेरीफिकेशन नोडल अधिकारी और पटवारी करेंगे। वेरीफिकेशन होने के बाद उतने धान का टोकन जारी किया जाएगा।

## धान खरीदी के महज दस दिन बाकी, लिमिट के हिसाब से अब कटेगा किसानों का टोकन

### जिले में अब तक हो चुकी 438611 मीट्रिक टन धान खरीदी

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। अब तक 4,38,611 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। 1,03,970 लाख रुपए की लागत से यह खरीदी की गई है। खास बात यह है कि इस बार 616435 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए खरीदी लिमिट बढ़ाई गई है।

### 28364 किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

लिमिट बढ़ोतरी करने से दुर्ग जिले के 28364 किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। इसलिए कि इतने किसान अभी अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। इन किसानों में से कई किसान ऐसे हैं जो केवल एक बार ही धान बेच पाए हैं। दोबारा धान बेचने के लिए लिमिट बढ़ाने का इंतजार कर रहे थे। किसान अपनी सोसायटी में जितनी उपज बाकी है उतना धान और बेचने के लिए आवेदन कर सकते हैं।




लिमिट नहीं बढ़ने से जिले के सभी किसानों की उपज नियत अवधि तक खरीदी संशय
लिमिट नहीं बढ़ने से 66 उपार्जन केंद्र में बफर लिमि[illegible] पार, 14 केंद्र में 40 हजार क्विं. से ज्यादा धान जा[illegible]
अब तक 427618 मीट्रिक टन धान खरीदी
इन केंद्रों में 40 हजार से क्विंटल से ज्यादा धान जाम

### इस तरह होगा वेरीफिकेशन

लिमिट बढ़ाने के बाद आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। मसलन यदि किसी किसान के पास धान बाकी है तो उसे आवेदन में ब्योरा देना है कि कितना धान बाकी है। इस आवेदक किसान का पोर्टल पर रकबा पहले से एंट्री है। पोर्टल के माध्यम से पटवारी रकबा का सत्यापन करेगा। उसके बाद नोडल अधिकारी जितना धान का वेरीफिकेशन होगा उतने के लिए टोकन संबंधित आवेदक किसान को जारी कर देगा।

### 240735 मीट्रिक टन का हुआ उठाव

जिला प्रशासन के हिसाब से उपार्जन केन्द्रों से धान की उठाव भी तेजी से होने लगी है। उठाव हेतु 2,40,735.14 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,73,852.22 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। सबसे ज्यादा धान का उठाव चंदखुरी उपार्जन केंद्र में हुआ है। यहां 83.50 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। कोलिहापुरी उपार्जन केंद्र में 83.18 प्रतिशत, कोड़िया दुर्ग उपार्जन केंद्र में 82.84 प्रतिशत, कंरजाभिलाई उपार्जन केंद्र में 82.42 प्रतिशत, कोहका उपार्जन केंद्र में 81.81 प्रतिशत, ननकट्ठी उपार्जन केंद्र में 81.36 प्रतिशत धान उठाव किया गया है।

### रकबा भी समर्पण हो रहा किसानों का

धान बेचने के पश्चात रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिससे बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 47575 कृषकों ने 1,386.29 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 23,60,036 बारदाने उपलब्ध है।

### धान खरीदी की लिमिट बढ़ी

धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है। जिन किसानों के पास धान विक्रय हेतु शेष हैं वे संबंधित सोसायटी में आवेदन करें। आवेदन का वेरीफिकेशन के बाद उस हिसाब से टोकन जारी किया जाएगा।

**राहुल सिंह**, डीएमओ विपणन संघ

## खबर संक्षेप

### सांसद ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा 24 से

**खुज्जी।** अंचल में आयोजित होने वाली सांसद संतोष ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियाँ अब अंतिम चरण पर हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 जनवरी को होगा। आयोजन समिति के प्रमुख कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने जुटी है। उन्होंने बताया कि स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 1 लाख, द्वितीय 51 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का मैच टाइम-टेबल तैयार किया जा रहा है।

### कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 30 से

**पटेवा।** इरईकला के कबीर आश्रम में आगामी 30 जनवरी से 1 फरवरी तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में संत अभय साहेब, कहलगांव, संत अचल साहेब करखड़ी संत मंडली के साथ शामिल होंगे। प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे, दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक भजन प्रवचन होगा। आयोजक समिति के संत विजय साहेब एवं सुबोध साहेब ने सत्संग का लाभ उठाने की अपील नागरिकों से की है।

### राका मड़ई 22 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम राका में आगामी 22 जनवरी को मंड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में धरती के सिंगार भोथीपार का कार्यक्रम रखा गया है। यहां जानकारी सरपंच प्रदीप कंवर, गोकुल सिन्हा ने दी।

### खड़गांव में मड़ई आज

**खड़गांव।** ग्राम में कल 21 जनवरी को मंडाई का आयोजन किया गया है। मंडई के दो दिन पहले पहुंचानी होता है जिसके अंतर्गत जिनके घरों में माता आती है वह सफेद वस्त्र धारण कर विधि-विधान से डांग डोरी का पूजा अर्चना करते है। पहुंचानी करते हुए डांग डोरी को शीतला माता मंदिर में रखा जाता है। मंडई के दूसरे दिन पूजावन कार्यक्रम होता है जिसके अंतर्गत पहुंचानी वाले दिन की सभी सामग्री को एकत्रित करते हुए माता शीतला मंदिर में रखा जाता है। पूजा अर्चना करते हुए पूजावन कार्यक्रम होता है और मंडई वाले दिन डांग डोरी के साथ रैली निकाल कर गांव का भ्रमण किया जाता है। दोपहर से रात्रि तक मंडई का आयोजन होता है।

## ई संवर्ग के 314, ई एलबी संवर्ग के 386, टी संवर्ग के 26 व टी एलबी संवर्ग के 54 शिक्षक शामिल

# दुर्ग संभाग के 780 शिक्षक पदोन्नत होकर बने पूर्व माध्यमिक प्रधानपाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग संभाग के 780 शिक्षकों को पदोन्नति दे दी गई है। ये पदोन्नत शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग संभाग ने 780 शिक्षकों को पदोन्नति देकर माध्यमिक प्रधानपाठक बनाने वाला प्रदेश में पहला संभाग हो गया है,जिसने इस सत्र में पदोन्नति दी हो। दुर्ग संभाग में इसके पूर्व भी मिडिल एचएम की पदोन्नति हो चुकी है, जबकि प्रदेश के अन्य संभाग में यह प्रक्रिया उलझी हुई है।

### हरिभूमि ने की थी खबर प्रकाशित


संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग कार्यालय में डीपीसी की तैयारी
700 शिक्षकों को मिडिल हेडमास्टर के खाली पदों पर मिलेगी पदोन्नति
30 सहायक शिक्षकों को हाल ही मिली प्रधान पाठक प्राथमिक पदोन्नति
इसी महीने मिलेगी पदोन्नति
पदोन्नति समिति तैयार कर रही सूची
पदोन्नति के बाद पदांकन काउंसलिंग से होगी
चल रही है डीपीसी प्रक्रिया
पदोन्नति का प्रयास जारी

### इस तरह हुआ वरिष्ठता का आंकलन

सपदोन्नति में शिक्षक (एल. बी) / प्रधान पाठक प्राथमिक शाला (एल.बी संवर्ग से पदोन्नत) पद पर वरिष्ठता 1.07.2018 शि. (पं./न.नि) के पद पर वरिष्ठता 30.08.2006. स.शिपंचा/न.नि. पद पर नियुक्ति 31.08.1998 (जन्मतिथि 06.05.1969) तक की वरिष्ठता वाले को पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति आदेश में उल्लेखित अनुसार यदि किसी शिक्षक (एलबी) / प्रधान पाठक प्राथ.शाला (एल. बी संवर्ग से पदोन्नती की पदोन्नति त्रुटिपूर्ण हुई हो तो इसका प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल इस कार्यालय को भेजा जावे ताकि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

### इसलिए मेहनत रंग लाई

त्वरित और निर्बाध पदोन्नति प्रक्रिया सम्पन्न हो इसके लिए शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी लगातार जेडी कार्यालय से सम्पर्क बनाये रखे। संगठन का प्रतिनिधिमंडल कई बार अधिकारियों से मिलते रहा और पदोन्नति जल्दी ,सरल, त्रुटिरहित और पारदर्शी हो इसके लिए सतत प्रयास किया। संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, सहायक संचालक के के शुक्ला व शाखा लिपिकों ने सुझावों पर अमल किया। जिससे यह पदोन्नति आदेश निकल सका है।

### स्कूलों की बढ़ेगी गुणवत्ता और अनुशासन

स्कूलों में गुणवत्ता और अनुशासन स्थापित करने के लिए मिडिल प्रधान पाठक के 780रिक्त पदों पर पदोन्नति आदेश जारी किया है। तत्परता के साथ त्वरित पदोन्नति के लिए जेडी कार्यालय के संयुक्त संचालक सहित समूचा स्टॉफ बधाई के पात्र हैं। संघ के भरोसा है कि सभी पदोन्नत होकर प्रधानपाठक बनने वाले शिक्षक साथी अपने अपने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु भरसक प्रयास कर गुणवत्ता और अनुशासन स्थापित करने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे।

**चंद्रशेखर तिवारी**, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ छग

### जानिए कहां किस संवर्ग के शिक्षक हुए पदोन्नत

दुर्ग संभागीय शिक्षा द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के मुताबिक ई संवर्ग के 314, ई एल बी संवर्ग के 386 तथा टी संवर्ग के 26, टी एलबी संवर्ग के 54 शिक्षकों को पदोन्नत किया गया है। इसमें दुर्ग जिले के अलावा बालोद जिला, बेमेतरा जिला, राजनांदगांव जिला, मानपुर-मोहला जिला, खैरागढ़- छुईखदान जिला और कबीरधाम जिले के शिक्षक शामिल हैं। इन जिले के शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है।

### इस वेतनमान का मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के द्वारा जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा संवा (शैक्षिक एव प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 में निहित प्रावधान अनुसार निधर्धारित न्यूनतम अनुभव 5 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षकों को शामिल किया गया है। 10.02.2021 में दिए गए निर्देशानुसार संभाग स्तरीय विभागीय पदोन्नति/छानबीन समिति द्वारा किये गये अनुशंसा पर शिक्षक (एल.बी)/ प्रधानपाठक .प्राथमिक शाला (एल.बी संवर्ग से पदोन्नत) / संगीत शिक्षक (स्नातक एवं प्रशिक्षित) ई संवर्ग को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला (ई संवर्ग) के पद पर पदोन्नति दी गई है। पदोनन्ति के बाद वेतनमान 9300-34800 ग्रेड पे 4300 (लेबल 9) हो गया है।

### काउंसलिंग से होगी पदस्थापना

दुर्ग संभाग के पदोन्नत शिक्षकों की काउंसलिंग से पदस्थापना होगी। इसके लिए तिथि तय की जाएगी। रिक्त पदों पर पदोन्नत होने से शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य और बेहतर ढ़ग से गढ़ सकेंगे। शिक्षा गुणवत्ता अभियान में दुर्ग जिला को मॉडल बनाने का दायित्व हम सबको मिला है।

**आरएल ठाकुर**, जेडी, दुर्ग संभागीय शिक्षा गुणवत

# अटल टिंकरिंग लैब से नई पीढ़ी को संवार रहा बीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ विद्यार्थी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सीख रहे नवाचार

भिलाई इस्पात संयंत्र केवल इस्पात उत्पादन तक सीमित एक औद्योगिक उपक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा, नवाचार और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में भी दीर्घकालिक दृष्टि रखने वाला संस्थान है।

इसी सोच के अनुरूप संयंत्र द्वारा संचालित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सेक्टर-10 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब नई पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी दक्षता विकसित करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत स्थापित यह अटल टिंकरिंग लैब सेल के अंतर्गत पहली लैब है।इसका उद्घाटन 2019 को सेल के निदेशक अतुल श्रीवास्तव द्वारा किया गया था। वातानुकूलित और आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित यह लैब विद्यार्थियों को पारंपरिक कक्षा-कक्ष शिक्षण से आगे बढ़कर हैंड्स-ऑन लर्निंग का अवसर प्रदान करती है।

### अत्याधुनिक लैब में खोजते हैं समाधान

इस अत्याधुनिक लैब में 3-डी प्रिंटर, रोबोटिक्स किट, डी-आई-वाई किट, रास्पबेरी-पाई, आर्डुइनो यूएनओ एवं नैनो बोर्ड, माइक्रोकंट्रोलर, सेंसर, स्टेम लर्निंग किट और इंटरैक्टिव बोर्ड जैसे आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं, जिसे विद्यार्थी सीखते हैं और काम करते है। एक समय में 40 से अधिक विद्यार्थी यहाँ प्रयोगात्मक गतिविधियों में भाग लेकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एस्टेम) आधारित समस्याओं के समाधान खोजते हैं। अटल टिंकरिंग लैब की गतिविधियाँ केवल विद्यालय तक सीमित नहीं हैं। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में ग्रीष्मावकाश व शीतावकाश में दो विशेष कार्यशालाओं का आयोजन करती है। छात्रों को रोबोटिक्स, 3-डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ-साथ बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यार्थियों द्वारा यूट्यूब चैनल भी संचालित किया जा रहा है।

### मैक इन सिलिकान में मारी बाजी

लैब प्रभारी व गणित शिक्षक टीके साहू बताते हैं कि लैब सभी जिज्ञासु विद्यार्थियों के लिए खुला मंच है। किसी भी विद्यार्थी को प्रत्येक शनिवार अथवा शासकीय अवकाश के दिनों में यहाँ आकर नई तकनीकें सीखने और अपने प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलता है।लैब से जुड़े विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। "मेक इन सिलिकॉन" जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 के कक्षा 11 के विद्यार्थियों आलौकिक चौधरी, अभिजय चौधरी एवं आमीन खान ने हेल्थ-केयर सेक्टर से संबंधित अपने नवाचार के माध्यम से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# निगम क्षेत्र के बकाएदारों से 1.90 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत लगातार कुर्की दल द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल ने जोन क्रमांक- 3 एवं 5 क्षेत्र के बकायादारों से 1.90 लाख रूपये वसूल किये हैं।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया गया है। कुर्की दल बकायादारों से संपर्क कर रहे है, कुर्की दल द्वारा बकायादारों को समझाया जा रहा है कि मौके पर ही अपने भवन अथवा भूमि का बकाया संपत्तिकर की राशि भुगतान कर दें। अन्यथा संपत्ति कुर्की कर बकाया राशि वसूल किया जाएगा। कुर्की के डर से बचने भूमि अथवा भवन स्वामी मौके पर ही राशि 1,90,910 रुपए जमा किये है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील की है कि अपने बकाया संपत्तिकर की राशि जल्द ही निगम कोष में जमा कर दें, अन्यथा की स्थिति में संपत्ति को कुर्की कर राशि वसूल किया जायेगा। जिसकी जवाबदारी भवन, भूमि स्वामी के स्वयं की होगी।

# धान खरीदी केंद्रों में लिकिंग टोकन की मांग तेज, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर सहकारी समितियों से जुड़े किसानों ने लिकिंग के लिए टोकन काटने की व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई है। इसी मांग को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के नाम सौंपा गया।

किसान नेता विनायक ताम्रकार ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में किसान समय पर धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। किसान नेताओं के अनुसार प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से करीब 34 लाख पंजीकृत किसान कृषि कार्य कर रहे हैं। इन किसानों ने जिला सहकारी बैंकों से लगभग 7000 करोड़ रुपये का ऋण खाद, बीज और नगद के रूप में लिया है। टोकन नहीं कटने और खरीदी लिमिट नहीं बढ़ने से किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उनके खाते एनपीए होने की आशंका बढ़ गई है। ऐसी स्थिति में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज के बजाय 13.25 प्रतिशत ब्याज चुकाना पड़ सकता है। विनायक ताम्रकार ने कहा कि मौजूदा प्रणाली में किसानों को बार-बार अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है। इससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। लिकिंग टोकन की व्यवस्था लागू होने से धान खरीदी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हित में होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कलेक्टर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा दुर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ जिला मीडिया प्रभारी भास्कर तिवारी, पार्षद जितेंद्र ताम्रकार, राहुल साहू, अभिजीत ताम्रकार, मनीष ठाकुर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनीष देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अतिरिक्त निर्माण को निगम के राजस्व टीम ने रोका



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 शिवाजी खुर्सीपार क्षेत्र में अतिरिक्त निर्माण को राजस्व टीम ने रूकवाया। शिकायतकर्ता चंद्रशेखर पाण्डेय ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराया है कि सुभाष पाण्डेय द्वारा अपने भूमि पर अतिरिक्त निर्माण किया जा रहा है। प्राप्त शिकायत के आधार पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-4 के राजस्व विभाग की टीम द्वारा अतिरिक्त निर्माण को रूकवाया है। सुभाष पाण्डेय को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास मिला हुआ है, जितने भूमि पर मकान निर्माण किया जाना था, उससे अतिरिक्त भूमि पर निर्माण किया जा रहा था। राजस्व टीम एवं पीएम आवास के अभियंताओं द्वारा मौके पर पहुंचकर काम को रूकवाया गया। काम रोकने संबंधित से लिखित में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, सुनील जोशी, वीजेन्द्र परिहार, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, पीएम आवास के अभियंतागण सहित बेदखली टीम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## रोज सड़कों पर दौड़ रहे लाखों निजी, कमर्शियल व पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल

# टाउनशिप में बढ़ा ट्रैफिक, आवारा मवेशियों व सिमटती सड़कों से दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के प्रमुख मार्गों पर बढ़ता ट्रैफिक अब सुबह शाम जाम के हालात के साथ आए दिन दुर्घटनाओं को भी दावत दे रहा है। निरंतर बढ़ रहे वाहन,सिमटती पुरानी सड़कों और कमर्शियल गाड़ियों की आवाजाही और आवारा मवेशी लोगों पर भारी पड़ रहे हैं।

कुछ साल पूर्व तक खुले स्पेस और चौड़ी सड़कों वाला बीएसपी टाउनशिप अब वाहनचालकों के साथ पैदल चलने वालों के लिए भी सुरक्षित नहीं रह गया है। मुख्य सड़कों के साथ सेक्टरों के अंदर की सहायक सड़कों से लेकर क्रास स्ट्रीट तक ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। इसके चलते निरंतर बढ़ रही दुर्घटनाओं में लोग घायल होने से हेड इंजुरी के साथ हाथ पांव फैक्चर हो रहे हैं। सेंट्रल एवेन्यू, 32 बंगला पावरहाउस गैराज रोड,डीपीएस रिसाली सड़क,नेहरू नगर स्टील क्लब रोड, जेपी चौक रोड और सेक्टर 1 व उतई रोड सहित दर्जनभर मुख्य सड़कों पर सुबह और शाम ड्यूटी और स्कूल तथा शापिंग टाइम सर्वाधिक ट्रैफिक होता है। हालात जाम के साथ दुर्घटनाओं वाले होते हैं। पिछले मात्र पखवाड़े भर में सेंट्रल एवेन्यू,एमजीएम रोड व गैराज रोड में नौ दुर्घटनाए हो चुकी हैं। तीन हेड इंजरी व चार कंधा व पावं फैक्चर से ग्रस्त लोगों को सेक्टर नौ हास्पिटल व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल मड़ौदा निवासी रितेश बेनर्जी ने बताया कि एमजीएम स्कूल के सामने रोज जाम लगता है। स्कूटी की टक्कर से हेड इंजुरी के शिकार हुए। वहीं बुधवार को स्टील क्लब रोड में हुई एक अन्य दुर्घटना में घायल दीपेश को मेकाहारा रेफर किया गया। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप लोकल व बाहरी गाड़ियों की आवाजाही से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। दुर्ग, रायपुर, पाटन और पावरहाउस क्षेत्र यानी चारों ओर की गाड़ियों का ट्रैफिक टाउनशिप से गुजरता है। वहीं सेक्टरों में घर घर में दो से तीन वाहन हैं।



### क्रॉस स्ट्रीटों का हों संधारण

टाउनशिप की प्रमुख सड़कों से लेकर अंदर की क्रास स्ट्रीट तक आवारा मवेशियों की समस्या लाइलाज होती जा रही है। रहवासियों ने बताया कि दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह सड़कों का चौड़ीकरण व टूलेन नहीं होने के साथ आवारा मवेशी और नशे में गाड़ी चलाना है। हजारों आवारा जानवरों का जमावड़ा सड़कों पर लगा होता है। इनसे आए दिन दोपहिया वाहनों के टकराने से लोग घायल होकर हाथ पांव तोड़वा रहे हैं। खटालों के मवेशियों के साथ पालूत गाय बछड़े भी लोग चारे की समस्या से बचने के लिए दूध दुहकर सड़कों पर मरने मारने के लिए छोड़ दे रहे हैं।

### चौक के साथ सड़कें भी हों चौड़ीं

टाउनशिप में पिछले कुछ सालों में गाड़ियों के साथ बेहिसाब ट्रैफिक भी बढ़ा है। लेकिन इसके अनुरूप सड़कों का चौड़ीकरण नहीं किया गया है। बीएसपी द्वारा चौक और रेल व डीपीएस चौक रोड, स्टील क्लब रोड की तरह सभी प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण व टूलेन में परिवर्तित किए जाने की मांग की जा रही है। वहीं सेंट्रल एवेन्यू पर भी सेक्टर 3 की तरह फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने की जरूरत है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार बताते हैं कि सभी मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण के साथ क्रास स्ट्रीट का भी संधारण किया जाना चाहिए। साथ ही जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक पोस्ट बना ट्रैफिक सिपाही की तैनाती भी हो।

# कानून तोड़ने वाले 40 लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कानून तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 40 के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन और कानून-व्यवस्था को तोड़ने वालों पर शिकंजा कसने का प्रयास पुलिस ने किया है। जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन विशेष अभियान चलाया गया।

सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के संदेश दिए गए है। अड्डेबाजी, सार्वजनिक पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

थाना सुपेला 4, पद्मनाभपुर 4, पाटन 4, उतई 4, पुलगांव 6, मोहन नगर 5, भिलाई नगर 3, कुम्हारी 3, खुर्सीपार 2, अण्डा 1, नेवई 1, जामुल 1, पुरानी भिलाई से 2 पकड़े गए। अभियान के तहत जिले के थाना, चौकी प्रभारियों की सहभागिता रही। अपील किया गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, अड्डेबाजी, कानून-व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर होगी मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर द्वारा बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन के तहत मां सरस्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया गया है। जिसमें मुख्य कलेक्टर बालोद दिव्या उमेश मिश्रा होगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मिर्रीटोला पुरूर हीरामणी केजूराम साहू उपस्थित रहेंगे। वही आयोजक में अध्यक्ष मौली माता बाल कल्याण समिति पुरूर आनंद सोनबरसा, अध्यक्ष किशोर भारती छात्रसंघ सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरूर हिमांशी सिन्हा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र उपस्थित रहेंगे।

### कर्मचारियों व स्वच्छताग्राहियों का दिसम्बर 2025 तक मानदेय भुगतान पूर्ण

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर के सीईओ उमेश रात्रे ने बताया कि गुरूर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के साथ ही ग्राम पंचायत बोरतरा अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों का माह दिसम्बर 2025 तक मानदेय भुगतान हो गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छताग्राहियों को भी दिसम्बर 2025 तक का भुगतान हो गया है। ग्रामीणों की मुलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, स्वच्छता शिक्षा आदि पर व्यय की जा रही है एवं निर्माण कार्यों का कार्य भी चल रहा है। जिसका भुगतान कार्य पूर्ण होने के बाद किया जा रहा है।

### बसंत पंचमी पर चंदखुरी में मां सरस्वती की भव्य मूर्ति स्थापना 23 को

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम चंदखुरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की भव्य मूर्ति स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अपने माता-पिता स्वर्गीय बसुंतला एवं स्वर्गीय चतुर सिंह साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना का कार्यक्रम 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। पूजा उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रीति भोज का भी आयोजन रखा गया है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रहने की संभावना है। कार्यक्रम के आयोजकों में कुसुम नरेंद्र साहू, सरिता रोमनाथ साहू, रमा भूपेन्द्र साहू तथा नेमिन जितेन्द्र साहू शामिल हैं। आयोजकों ने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल ने चाईनीज मांझे पर किया आगाह

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण मण्डल ने प्रदेशवासियों से पतंग उड़ाने के दौरान चाईनीज मांझे का उपयोग न करने की अपील की है। शासन ने जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नायलॉन और सिंथेटिक धागों के विक्रय, भंडारण और उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित की है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई के क्षेत्रिय अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय द्वारा 25 फरवरी 2017 को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य में नायलॉन, सिंथेटिक या कांच और धातु के चूर्ण से बने किसी भी प्रकार के धारदार धागे जिसे सामान्यतः चीनी मांझा कहा जाता है के विक्रय, उत्पादन, भंडारण और आपूर्ति को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि चाईनीज मांझे के कारण दुर्घटना की जानकारी लगातार सामने आ रही है। जिसमें गंभीर दुर्घटना से लेकर मृत्यु तक के समाचार प्राप्त हुए हैं। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल ने पतंग उड़ाने में चाईनीज मांझों का उपयोग नही करने एवं इस संबंध में जागरूकता बढ़ाने की अपील की है।

## निकिता बंजारे एसएससी जीडी आईटीबीपी में हुआ चयन



**बालोद।** लगातार 2 साल कड़ी मेहनत और परिश्रम के बाद निकिता बंजारे का एसएससी जीडी आईटीबीपी में चयन हुआ। पलारी निवासी गुरुर सतनामी समाज अध्यक्ष कृष्ण बंजारे की पुत्री निकिता बंजारे ने लगातार 2 साल कड़ी मेहनत और परिश्रम के बाद एसएससी जीडी आईटीबीपी में चयन हुआ जिससे परिवार सहित पुरे क्षेत्र में खुशी का महौल है। बचपन से ही कुशल बुद्धि और देश प्रेम की भावना की कारण सेना में जाने की चाह थी, इस सोच के साथ निरंतर मेहनत करते हुए अपने माता–पिता और परिवार वालों से मिले प्रोत्साहन से देश सेवा के क्षेत्र मे जाने का सपना साकार हुआ। निकिता बंजारे ने प्रेरणा देने वाले मोटिवेशनल आदित्य टंडन का आभार व्यक्त किया।

## बालोद में श्रीराम कथा महोत्सव 22 से

**बालोद।** रामदेव महिला मंडल एवं महिला समिति गंजपारा बालोद द्वारा श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन 22 जनवरी से किया जा रहा है। श्री राम कथा 28 जनवरी तक चलेगी। श्री राम कथा का आयोजन बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण गंजपारा बालोद में किया गया है। व्यास पीठ मे पंडित हरिश चतुर्वेदी रहेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जावेगी। प्रथम दिवस 22 जनवरी को प्रातः 9 बजे कलश यात्र निकाली जाएगी, तथा श्री राम कथा महिमा सुनाया जाएगा। 23 जनवरी माता सती चरित्र, श्री शिव पार्वती विवाह कथा होगा। 24 जनवरी श्री राम जन्म कथा व उत्सव मनाया जाएगा। 25 जनवरी रविवार श्री सीताराम विवाह कथा व उत्सव होगा। 26 जनवरी सोमवार श्री राम वन गमन प्रेम मूर्ति, भरत चरित्र कथा होगा। 27 जनवरी मंगलवार नवधा भक्ति, लंका दहन कथा होगा। 28 जनवरी बुधवार रावण उद्धार, श्री राम राज्याभिषेक, पोथी पूजन, हवन कार्य संपन्न होगा।

## विरोध : सोशल मीडिया पोस्ट को बताया अपमानजनक और अमर्यादित

# भाजपा जिलाध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश जिला भाजपा ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिलाध्यक्ष के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने दिया कड़ा जवाब

जिला भाजपा ने पत्र जारी कर जिला भाजपा अध्यक्ष पर की गई टिप्पणी की निंदा की है तथा पत्र जारी कर ओछी हरकतों का करारा जवाब देने की बात कही गई है। भाजपा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि युवा कांग्रेस के एक छुटभैये नेता द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के विरुद्ध की गई अत्यंत अमर्यादित, अपमानजनक एवं आपत्तिजनक पोस्ट की भाजपा जिला बालोद तीव्र भर्त्सना करती है।

उनके द्वारा जारी इस पोस्ट से स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस एवं उसकी युवा इकाई के कार्यकत्ता राजनीतिक हताशा में अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है। जनाधार समाप्त होने के बाद कांग्रेस के तथाकथित युवा नेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए स्तरहीन भाषा जैसी घृणित राजनीति पर उतर आए हैं। यह पोस्ट न केवल भाजपा जिलाध्यक्ष की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि यह पूरे समाज की



राजनीतिक संस्कृति को प्रदूषित करने वाला कृत्य है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख की बढ़ती लोकप्रियता और संगठनात्मक मजबूती से घबराकर कांग्रेस के नेता इस प्रकार के अनैतिक हथकंडे अपना रहे हैं, जो उनकी बौखलाहट को उजागर करता है।

जारी पत्र में भाजपा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि उक्त व्यक्ति द्वारा भाजपा या किसी भाजपा नेता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी, सोशल मीडिया पर अमर्यादित पोस्ट या अमर्यादित बयानबाजी बंद नहीं की गई, तो भाजपा कानूनी कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेगी। भाजपा कार्यकर्ता अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रहित की राजनीति में विश्वास रखते हैं, किंतु अपमान और असत्य के विरुद्ध चुप रहना हमारी फितरत नहीं है। भाजपा हर मोर्चे पर इसका जवाब देना जानती है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के विरुद्ध की गई अत्यंत अमर्यादित, अपमानजनक एवं आपत्तिजनक पोस्ट की भाजपा जिला बालोद के यशवंत जैन, यज्ञदत्त शर्मा, प्रीतम साहू, वीरेन्द्र साहू, पवन साहू, राकेश यादव, कृष्णकांत पंवार, अभिषेक शुक्ला, राकेश यादव(छोटू) सौरभ लुनिया, हरीश कटझरे, जितेंद्र साहू, ठाकुर राम चंद्राकर, टिनेश्वर बघेल, पवन सोनबरसा, भुनेश्वरी ठाकुर, कौशल साहू, कांति सोनेश्वरी, सुरेन्द्र देशमुख, सोमेश सोरी, निशा योगी, प्रेम साहू, चंद्रलता साहू, पूजा यादव, मनीष झा, विनोद जैन, अमित चोपड़ा, अरुण साहू, धर्मेंद्र साहू, खेमलाल देवांगन, आनंद शर्मा, टुकेश्वर पांडे, कुसुम शर्मा, उत्तरा घरेन्द्र, योगेंद्र सिन्हा, रुपेश नायक, रामेश्वर साहू, युवराज मारकंडे, प्रकाश सिन्हा, कुलदीप साहू, विश्वास गुप्ता, सुरेश साहू, विवेक वैष्णव, गुलशन साहू, मोना टुवानी, श्याम जायसवाल, समीर खान,कृष्ण कुमार ठाकुर, टीआर. डहरे ने कड़े शब्दों में भर्तत्सना की है।

## हनुमान मंदिर में चोरी, चांदी के आभूषण ले उड़े चोर

**बालोद।** प्रसिद्ध हनुमान जी की मंदिर में चोरो ने 150000 के चांदी के विभिन्न आभूशणो को चोरी कर लिया, जिसके बाद मंदिर के पुजारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दुर्गा प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. मंगल प्रसाद पाण्डेय 60 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हनुमान मंदिर कमरौद में करीबन 35 वर्ष से पुजारी एवं देखभाल का कार्य कर रहा हुं 18 जनवरी के रात्रि करीबन 09 बजे मंदिर का चैनल गेट एवं दरवाजा में ताला लगाकर बंद किया था और अपने कमरे में विश्राम हेतु आ गया।

19 जनवरी को प्रातः करीबन 04 बजे मंदिर साफ सफाई हेतु गया तो देखा कि चैनल गेट का ताला टुटा पड़ा था और थोड़ा खुला था उसके बाद अंदर गया तो गर्भ गृह का पुर्व दिशा का शीशा टुटा पड़ा था। वहीं से कोई अज्ञात चोर द्वारा अंदर प्रवेश कर हनुमान जी के मूर्ती में श्रृंगार लगे 02 नग चांदी का मुकुट, 01 नग चांदी का छाती का कवच, 01 नग चांदी का कान का कुण्डल, 02 नग चांदी का बाजुबंद, 02 नग चांदी का छतरी, 01 नग चांदी का बाजुबंद, 01 नग चांदी का हाथ का पट्टी को चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।

## नन्हे वैज्ञानिकों को मिला एक्सपोजर, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद टेक्नोफेस्ट के प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे हरी झण्डी दिखालकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु लेने जाने वाले बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा छात्र–छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बालोद टेक्नोफेस्ट में भाग लेने वाले जिले के कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्र–छात्राएं आज इस्पात नगरी भिलाई में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विश्वविद्यालय, भिलाई स्टील प्लांट के मैत्री गार्डन का भ्रमण करेंगे।

## संकुल केंद्र संजारी में संकुल प्राचार्य का स्वागत-अभिनंदन समारोह आयोजित

**डौंडीलोहारा।** संकुल केंद्र संजारी अंतर्गत संकुल प्राचार्य का स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम प्राथमिक शाला परिसर संजारी में रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन व निर्देशन संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुई। समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी बारी से संकुल प्राचार्य का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य गुलाब सिंह नायक ने कहा कि संकुल केवल स्कूलों का एक समूह नहीं है, बल्कि यह हमारे साझा लक्ष्यों और शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा प्राथमिक उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। सत्र 2025-26 में हमें मुख्य रूप से बच्चों के सीखने के प्रतिफल पर ध्यान केंद्रित करना है।

मुझे खुशी है कि हमारे संकुल के शिक्षक पूरी निष्ठा से नवाचारी पद्धतियों का उपयोग कर रहे हैं। संकुल बैठकों का उद्देश्य समस्याओं पर चर्चा करना और एक-दूसरे के बेहतरीन प्रयासों से सीखना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शिवेन्द्र बहादुर साहू व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर भूपेंद्र इंदौरिया, राजकुमार दीवान, टोमन भुआर्य, भुवन देवांगन, भीकेश सहारे, प्रीतम रामटेके , मोहेन्द्र साहू , शशांक साहू, शिवेन्द्र बहादुर, डोंगरमल रामटेके, आलोक विश्वकर्मा, मनोज देवांगन, चंद्र किशोर साहू, घनश्याम साहू , तीजू राम कुमेटी आदि उपस्थित थे।

# समता कॉलोनी में विचार गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



समता कालोनी द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उभयलाल देशमुख, कैलाशनन्द, घनाराम देशमुख, रतिराम साहू, पवन यादव, दुष्यंत देशमुख थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार जी के तैल चित्र पर अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम में दुग्गिलाल देवांगन, कामता साहू, बृजलाल उसारे, धनेश्वर साहू, रुपनारायन देशमुख, छगनलाल तांडव उपस्थित थे। समता कालोनी विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष गजेंद्रपुरी गोस्वामी ने बताया कि कालोनी में समारोह पूर्वक कालोनी वासियों के लिए सामूहिक भोंजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उभयलाल देशमुख के साथ कैलाश नन्द एवं पवन यादव ने कहा कि इस प्रकार के हम सभी के सामूहिक भोंजन करने से वासुदेव कुटुंबम की भावना पनपनती है। दुष्यंत देशमुख ने तीन तोतली रानी की कहानी से सामाजिक जीवन का सम्पूर्ण सार सभी को सुनाये। छगन तांडव एवं धनेश्वर साहू ने गीत, गजल के द्वारा सभा में समा बांधा। मातृशक्ति से सुनीता पटेल, अल्का देवांगन, सन्ध्या देशमुख एवं भूपेश देशमुख ने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए अपनी अपनी दृष्टान सुनाए और कहे कि जीवन के हर चरण का अपना महत्व है और हमें हर पल का आनंद लेना चाहिए।

समता कॉलोनी संघर्ष एवं विकास समिति के समस्त सदस्य दुष्यंत देशमुख, घनाराम देशमुख, रतिराम साहू, कामता साहू, हुलसी देशमुख, मातृशक्ति थालेश देशमुख, अंगेश्वरी गोस्वामी, सुनीता शर्मा, सिमा जामवन्ते, सुनीता पटेल, भूपेश देशमुख, सन्ध्या देशमुख, जितेंद्र ठाकुर, जुगुल राम निषाद, अमर भुआर्य, वीरेंद्र पटेल, पवन यादव, नरोत्तम मार्कण्डेय, रूपनरायन देशमुख, गिरीश शर्मा, ओमप्रकाश हीरवानी, धनेश्वर साहू, प्रफ्फुल सोनकर, ग्वालिन बाई साहू, दीप्ती साहू, शीतल ठाकुर, कल्याणी निषाद, लता साहू, उर्मिला मार्कण्डेय के साथ बच्चे, माताये, कालोनी वासी उपस्थित थे।

# जलकर नहीं पटाने वालों पर चरोदा निगम का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में वार्डों में जल विभाग ने कार्यवाई किया है। जलकर के पुराने बकायदारों से राशि निगम कोष में जमा कराने निगम का अमला घर-घर दस्तक दे रहा है।

महापौर निर्मले कोसरे, कमिश्नर डीएस राजपूत के द्वारा बीते दिनों बैठक लेकर समझाश दिया था। उसके बाद भिलाई-3 चरोदा के अवैध नल कनेक्श्न के खिलाफ कार्रवाई जारी है। समय पर अपना जलकर, संपत्तिकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर तथा समेकिति कर के अलावा यूजर चार्ज की राशि जमा नही करने वालो पर निगम कार्यवाई करेगा। स्वायत्तशासी संस्था होने के कारण निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी जन सुविधा सफाई, जलप्रदाय, निकाय के वाहनो के ईधन, निगम कर्मियो का वेतन शामिल है। निगम प्रशासन की ओर से जलकर वसूली एवं अवैध नल कनेक्शन पर चलाये जा रहे अभियान को लेकर सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे ने बताया कि प्रतिदिन क्षेत्र के अवैध नल कनेक्शनो का सत्यापन कर उन्हे विच्छेद करने की कार्यवाई जारी है। तीन दिनों 6 अवैध नल कनेक्शन काटे गये है। जलकर के बकायेदार 27 जनो की डिमांड बिल जारी किया गया है। फील्ड में पैसा जमा करने वालो से 23 हजार रुपए जलकर की राशि मिली है। इस दौरान उप अभियंता केहर कुमार मरकाम, सहायक राजस्व निरीक्षक सरोजनी यदू, जलप्रदाय विभाग राजेश अचैय्या, सहा.रा.नि. दुष्यंत चर्तुवेदी मौजूद थे।

## ग्राम परसदा में मेला मड़ई कल

**लाटाबोड़।** ग्राम परसदा में 22 जनवरी गुरुवार को मेला मड़ई का आयोजन रखा गया है। सरपंच जितेश्वरी साहू ने बताया ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

## बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले पर कार्रवाई

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा माह के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर शहर के महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर दुर्ग के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में नाबालिग छात्र-छात्राएं मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए। जो दो पहिया वाहन चला रहे थे। जांच में बिना वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, वाहन पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन के प्रकरण सामने आए। उक्त मामलों में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 4/181 , 5/180 , 129 (हेलमेट न पहनना) और 39/192 (अपंजीकृत वाहन का संचालन) के 25 वाहन स्वामियों के खिलाफ ई-चालानी कार्रवाई की गई। कुल 62,500 की राशि का समन शुल्क भेजा गया।

## चोरी करने के मामले में अदतन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** दो अलग-अलग चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तापर किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि प्लॉट 3, फेस 6, मैत्री नगर नेवई निवासी उमाकांत यादव के दुकान में कृष्णा टॉकीज रोड प्लांट नं. 1 मैत्री नगर, प्रगति नगर रिसाली निवासी दिनेश बैंजामिन मकान से चोरी हुआ था। पुलिस ने सूचना पर ग्राम धनौरा शक्ति पारा निवासी ठामेश्वर साहू उर्फ रवि खंती तालाब के पास पदमनाभपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर दुकान व मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से 14 हजार नगद बरामद किया गया। आरोपी के बारे में पुलिस को पता चला कि पदमनाभपुर से कार, भिलाई नगर से बाइक, बालोद क्षेत्र से एटीएम में चोरी का प्रयास करने की जानकारी मिली। आरोपी के पास से पुलिस ने नगद, आभूषण, मोबाइल वाहनों समेत चोरी की संपत्ति की कीमत 11-12 लाख रुपए आंकी गई है।

# ग्राम विनायकपुर में मूर्ति स्थापना एवं गुहा जयंती का भव्य आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम विनायकपुर (डोंगाघाट) में निषाद समाज (विनायकपुर एवं देवरी (ख) के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भक्त गुहा निषाद एवं श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं गुहा जयंती का भव्य धार्मिक आयोजन रखा गया है।

यह पावन कार्यक्रम कल श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। समाजजनों एवं ग्रामवासियों द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 09 बजे कलश शोभायात्रा से होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे मूर्ति स्थापना विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ संपन्न होगी। कार्यक्रम स्थल ग्राम विनायकपुर मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग विकास,अध्यक्षता कुंवर सिंह निषाद

विधायक गुण्डरदेही एवं प्रांतीय अध्यक्ष निषाद समाज ,विशिष्ट अतिथि घनश्याम सिंह निषाद जिला अध्यक्ष, निषाद समाज दुर्ग,राजेन्द्र निषाद अध्यक्ष, निषाद समाज बालोद,योगेन्द्र दिल्लीवार सरपंच समाजजनों ने की उपस्थिति की अपील निषाद समाज विनायकपुर एवं देवरी (ख) के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भक्तिमय कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं धर्म लाभ प्राप्त करें। यह जानकारी मुनी लाल निषाद ने दी।

# स्कूल संबलपुर में एक दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में "निरंतर योग, घर-घर योग, अंतिम व्यक्ति तक योग" अभियान के तहत एक दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई।

राज्यपाल पुरस्कृत प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग तनाव को कम करता है, एकाग्रता बढ़ाता है तथा शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति रोगमुक्त एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। योग शिविर का संचालन योगाचार्य तीरथ कुमार अटल द्वारा किया गया। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम, योगिंग-जॉगिंग, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, हलासन, सेतुबन्धासन, पवनमुक्तासन, शलभासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य ने बच्चों को खान-पान, रहन-सहन एवं नैतिक शिक्षा के महत्व से भी अवगत कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता वाय. पी. आर्य, आर. के. यादव, रीता चौरसिया, प्रीति साहू, मनीषा बेर, ललिता चौधरी साहू सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## ग्राम देवरी में संगीतमय हरिकीर्तन कथा 25 से

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख), तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद में दो



दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया है। यह धार्मिक आयोजन 25 जनवरी एवं 26 जनवरी को संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रवचन कर्ता श्री कामता प्रसाद शरण जी (कुरेरादादर, जिला गरियाबंद) अपने ओजस्वी प्रवचनों एवं संगीतमय हरिकीर्तन कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर करेंगे। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी धर्मप्रेमी नागरिक सपरिवार सहभागी बन सकेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करेगा। आयोजन समिति द्वारा क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

## नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष का पदभार ग्रहण समारोह आज

**गुरूर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा नव नियुक्ति ब्लाक अध्यक्ष का पद्भार कार्यक्रम का आयोजन 21



जनवरी को आयोजित किया गया है। जिसमे पार्टी के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया गया था, उसके अंतर्गत संगठन को मजबूत करने के लिए नए ब्लाक अध्यक्षो की नियुक्ति की गई है, इसी तारतम्य में गुरूर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में डॉ किशोर साहू की नियुक्ति हुई है। जिसमे ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा 21 जनवरी को पदभार ग्रहण रखा गया है। कार्यक्रम में वर्तमान अध्यक्ष तामेश्वर साहू को उनके कार्यकाल के लिए सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

## ग्राम रेंघई में एक दिवसीय संगीतमय मानस महोत्सव कल

**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रेंघई में एक दिवसीय संगीतमय मानस महोत्सव का आयोजन 22 जनवरी गुरुवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री मंदिर प्रांगण, ग्राम रेंघई में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। महोत्सव में प्रथम मंचस्थ मंडली राजहंस मानस परिवार, सोनसाय टोला (चौकी), द्वितीय मंचस्थ मंडली जय गुरुदेव मानस परिवार, हरदी (छुरा, गरियाबंद) तथा तृतीय मंचस्थ मंडली श्रीराम कृपा मानस परिवार, सालिक झिटिया (राजनांदगांव) द्वारा संगीतमय मानस प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन युवा संगठन, महिला संगठन एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम रेंघई के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### आयोजन : कलश शोभायात्रा के साथ हुआ आयोजन का शुभारंभ

# पलारी में शिरोमणि भक्त गुहा निषाद राज जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी में शिरोमणि भक्त गुहा निषाद राज जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत कलश शोभायात्रा निकालकर की गई, जिसके समापन समारोह

■ निषाद समाज के उत्थान के लिए 15 लाख की सौगात, ग्रामीण व नगर निषाद समाज की सक्रिय भागीदारी

के मुख्य अतिथि जिला स्काउट गाइड बालोद मुख्य आयुक्त राकेश यादव थे। अध्यक्षता भाजपा मंडल सनौद अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने किया।

विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, पूर्व संचालक छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण बोर्ड रायपुर लखनलाल गुरुपंच, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सरकारी समिति पलारी





नंदकुमार साहू, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा गुरुर मनीष साहू, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर गजेंद्र महम्मला, अध्यक्ष तहसील निषाद समाज गुरुर जीआर निषाद, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा पलारी त्रिभुवन सोनबेर, अध्यक्ष शीतला मंदिर ट्रस्ट पलारी तेजराम साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर भगवान श्री रामचंद्र के चरणों में चरण स्पर्श कर कार्यक्रम का शुरूआत किया।

ग्रामीण निषाद समाज एवं नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष रामेश्वर निषाद एवं समस्त पदाधिकारी, क्षेत्रीय निषाद समाज सनौद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कहा निषाद समाज मेरे लिए बहुत प्रिय समाज है और मैं निषाद समाज को ऊंचा उठने के लिए बहुत अच्छे ढंग से काम करूंगा और जो मांग निषाद समाज द्वारा आया है। मैं उसके लिए टीना शेड एवं शौचालय निर्माण के लिए 15 लाख की राशि स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज की प्रतिभावान छात्र–छात्राओं एवं नगर पंचायत पलारी के प्रमुख उपस्थित थे।

## जपं सीईओ ने पीएम आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत बालोद क्षेत्रन्तार्गत ग्राम पंचायत सिवनी, खैरतराई एवं भोईनापार में निर्माणाधीन, अप्रारंभ आवासों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लाभाथऍओं के अप्रारंभ आवासों को अतिशीघ्र प्रारंभ करने एवं निर्माणाधीन आवासों को समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

राजपूत ने हितग्राहियों को पूर्ण आवासो में रैनवाटर हारर्वेटिंग सिस्टम एवं सोखता गड्ढा का निर्माण करने एवं पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने लाभाथऍयों से चर्चा करते हुऐ आवास निर्माण में ग्राम पंचायत भोईनापार के भूमि संबंधित विवाद को निराकरण करने हेतु संबंधित पटवारी एवं सरपंच को संबंधित समस्याओ को संज्ञान में लेते हुऐ तत्काल सामाधान के लिए संबंधित अमलो को निर्देश दिए। इस दौरान विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल अधिकारी सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थिति थे।

## रसोईया संघ ने हड़ताल बीच डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संयुक्त संघ द्वारा अपने हड़ताल के मध्य अपनी मांगो के संबंध में डॉ रमन सिंह से मुलाकात किया गया। जिसमे संघ के पदाधिकारियो ने अपनी तीन मांगो के संबंध में चर्चा की। संघ ने अपनी तीन प्रमुख मांगो में कहा है कि रसोईयो को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए। छात्र छात्रओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयो को निकाल दिया जाता है उसे तत्काल बंद किया जावे। अशंकालीन को पूर्ण कालीन किया जाए।

संध के द्वारा कई दिनो से अपनी मांगो को लेकर रायपुर में लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमे बालोद जिला से रसोईया बड़ी संख्या मे सम्मिलित है। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि सन 1995 से केन्द्र सरकार द्वारा मध्यान भोजन योजना वर्षो से प्रारंभ किया गया। सन 2007 मे शासन द्वारा मध्यान भोजन में संशोधन करते हुए माध्यमिक शाला के बच्चों को भी मध्यान भोजन देने की शुरूवात किया गया। मध्यान भोजन पकाने के लिए शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्राम सभा में रसोईयो की नियुक्ति किया गया। आज वर्तमान में प्रतिमाह 2000 रूपये दिया जा रहा है कि एक दिन की मजदूरी 66 रूपये मिलता है। रसोईया का कार्य 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक कुल 5 घंटा कार्य करने के बावजूद भी शासकीय नियमित कर्मचारी नही माना जाता है ना ही न्यूनतम मानदेय मिलता है। 28 वर्शो से गरीबी को हम लोग झेलते आ रहे है। मध्यान भोजन पकाने वाले रसोईयां सभी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले रसोईयां है, हम लोग इसी नौकरी को अपना सहारा मानकर काम कर रहे है, लेकिन राज्य शासन के स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या कम बताकर वर्षो से कार्यरत रसोईयो को हेडमास्टर या महिला समूह के द्वारा काम से निकाल दिया जाता हैं, पीड़ित रसोईया कई बार शासन के पास गुहार लगा चुके है।

## योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा का कुसुमकसा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**कुसुमकसा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनरायण सिन्हा (राज्य मंत्री) का कुसुमकसा आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने भाजपा गमछा पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होने के पश्चात रूपनारायण सिन्हा का प्रथम आगमन कुसुमकसा मंडल में हुआ। जिसमें कुसुमकसा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ भूपेंद्र मिश्रा ने गमछा पहनकर अभिवादन किया। साथ ही साथ भाजपा के पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष भरत पटेल, कुसुम कस मंडल के महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, पोषण भुआर्य उपाध्यक्ष भाजपा मंडल, लता पैथोड, मंडल के मंत्री मंजू चकधारी, संगीता साहू गजेंद्र सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव प्रशाद सिन्हा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्राएं देश सेवा के प्रति तत्पर: अविनाश साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ भारत सरकार का एक प्रमुख सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के संरक्षण, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में छात्राओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


विद्यालय के व्याख्याता एवं पूर्व एनसीसी शिक्षक अविनाश कुमार साहू ने छात्राओं को शिक्षित होकर शास्त्र ज्ञान के साथ-साथ शस्त्र ज्ञान अर्जित करने का महत्व बताया। उल्लेखनीय है कि अविनाश साहू अपने विद्यार्थी जीवन में सीमा सुरक्षा बल एवं केंद्रीय पुलिस बल में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में सफल रहे हैं तथा वर्तमान में अपनी दोनों पुत्रियों को भी भारतीय सेना में भेजने की तैयारी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और सेवा के लिए युवाओं को अपनी योग्यता के आधार पर आगे आना चाहिए। आज छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं में पुलिस बल एवं भारतीय सेना में अधिकारी बनने की प्रबल इच्छा दिखाई दे रही है। छात्राओं की इस उत्सुकता को देखते हुए वे अपने अनुभव साझा कर उन्हें भर्ती परीक्षाओं की तैयारी भी करा रहे हैं। अविनाश साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु मोबाइल से अनावश्यक दूरी बनाए रखने, नशे से दूर रहने तथा अनुशासित जीवन अपनाने की सीख दी। उन्होंने बताया कि सैनिक जीवन कठिन परिश्रम की मांग करता है, जिसके लिए संतुलित खानपान, निरंतर शारीरिक अभ्यास तथा मानसिक-बौद्धिक सुदृढ़ता आवश्यक है। इस प्रेरक प्रयास पर संस्था के प्राचार्य वी. के. भंडारी ने शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को देश सेवा के प्रति सदैव अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राएं नीलम भेड़िया, माधवी, वेणिका, करीना, आरती, माया, लोकिता सहित अनेक विद्यार्थी अभी से सेना भर्ती की तैयारी में जुट गए हैं। इस सराहनीय पहल पर वरिष्ठ व्याख्याता एल. के. ठाकुर, आर. एस. देशमुख, डी. आर. साहू, आर. एन. योगी, भूपेंद्र पटेल, राकेश कुमार कोठारी, वीरेंद्र नायक, पुष्पा कटेंद्र, तेजेश्वरी साहू, हेमपुष्पा नाईक, डामन देशमुख, सूर्योदय मानिकपुरी सहित समस्त शिक्षक-स्टाफ ने प्रशंसा व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय त्रि-दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव 23 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पलारी मानस प्रचास समिति द्वारा छ.ग. प्रदेश स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन 23 से 25 जनवरी तक नगर पंचायत पलारी में किया गया है। प्रतियोगिता मे पुरूश वर्ग में प्रथम पुरस्का 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2501 रूपये, पंचम पुरस्कार 2001 रूपये, षष्ठम पुरस्कार 1501 रूपये, सप्तम पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। विशेष पुरस्कार के तहत व्याख्याता विशेष, संगीत विशेष, वेशभूशा, अनुशासन के तहत पुरस्कार रखा गया है। जिसके शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन अवसर पर 23 जनवरी को मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू रहेंगी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू करेंगी। वि'ोश अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर हरिकृष्ण गंजीर, सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर गुलाब राम सिन्हा, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर आशीश कुमार साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर झालेन्द्र कुमार साहू, मन्नू लाल साहू, अभिशेक यादव उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन 24 जनवरी को मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन लाल, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष जिला बालोद बसंत कुमार सोनबेर, विशेष आगमन अतिथि में रेल्वे रायपुर निलांजन नियोगी, डिपो अधीक्षक रायपुर सुशीलचन्द्र सोनबरसा, डॉ सीएल साहू, डॉ अभिशेक गोयल, समाजसेवी अनिल दुबे, मीर अली मीर साहब, श्रीकांत जाजू, नरेन्द्र कुमार साहू, संकेत पारख, वेगेन्द्र कुमार सोनबेर, रघुनंदन साहू उपस्थित रहेंगे। 25 जनवरी को समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रिरय राज्यमंत्री तोखन साहू रहेंगे। अध्यक्षता समाज सेवी कौशिल्य देवी साय करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि में प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन, सांसद कांकेर लोकसभा भोजराज नाग होंगे। विशेष अतिथि विधायक उत्तर रायपुर पुरंदर मिश्रा, पूर्व सांसद कांकेर मोहन मंडावी, जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रिरय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन, जनसेवक संजारी बालोद राकेश यादव, सभापति जिला पंचायत बालो लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति कृशि समिति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद चंद्रिरका गंजीर, अध्यक्ष नगर विकास समिति नगर पंचायत पलारी राजेश सोनबेर उपस्थित रहेंगे।

## ग्राम चंदनबिरही में गूंजा 'वंदे मातरम', मजदूरों ने बनाई भव्य मानव श्रृंखला...



**गुरूर।** ग्राम चंदनबिरही में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान काम में आए मजदूरो द्वारा वंदे मातरम् का मानव श्रृखला बनाया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चन्दनबिरही अंतर्गत कंस्ट्रक्शन ऑफ इंबैकमेंट फॉर कम्यूनिटी आमापारा के पास कार्य में 85 मजदूर कार्यरत थे, जिसमें कार्य के दौरान मजदूरों के द्वारा वन्देमातरम् के मानव श्रृन्खला तैयार कर राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया है।

## नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा मंडल में हर्ष



**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी के पदभार ग्रहण करने पर भाजपा मंडल डौंडीलोहारा द्वारा हर्षोल्लास के साथ खुशी व्यक्त की गई। इस अवसर पर आतिशबाजी की गई तथा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को मिठाइयाँ वितरित की गईं। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, महामंत्री सुमेंद्र देशमुख एवं दुष्यंत गिरी, उपाध्यक्ष संदीप जैन व जसराज शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद सहित धीरेंद्र टॉक, दिलीप बाफना, धीरज जैन, प्यारे निषाद, सुरेश देवांगन, राजेंद्र आरदे, चंद्रकुमार पटेल, उत्तम मालेकर, अजय बाफना, पार्षद वीर सिंह ठाकुर, रवि जैन, ललित साहू, गिरधारी कोसमा, बबलू रजक, दीनू यादव, संदीप भंसाली, पिंटू मालेकर, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री गौरेया धाम चौरेल में माघी पुन्नी मेला महोत्सव 30 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

तहसील अर्जुन्दा अंतर्गत ग्राम चौरेल स्थित न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्तिपीठ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माघी पुन्नी मेला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक मेला 30 जनवरी से 01 फरवरी तक श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न होगा। भगवान शिवशंकर की असीम कृपा से लगभग 1100 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक तीर्थ एवं पर्यटन स्थल श्री गौरेया धाम, चौरेल में आयोजित इस महोत्सव के दौरान श्रद्धालु तांदुला नदी के पवित्र संगम में स्नान कर दर्शन-पूजन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। मेला महोत्सव के अंतर्गत 30 एवं 31 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक प्रसिद्ध संत श्री टीकम शरण महाराज जी शिरकट्टी धाम हरदी,द्वारा हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 31 जनवरी शनिवार की रात्रि 10 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें महातारी के कोरा, लोक कला मंच देसरगांव एवं साजा–बेमेतरा के कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 01 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुप्रसिद्ध जय सरस्वती पंडवानी पार्टी, मोहंदी (खुर्सीपार) द्वारा पंडवानी की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी।

इसी दिन रूद्राभिषेक, शाही स्नान एवं विशाल मेला मंडई का आयोजन भी होगा माघी पुन्नी मेला महोत्सव में हवाई झूला, ड्रैगन, ब्रेक डांस, छोटे-छोटे ट्रेन, मीना बाजार सहित विभिन्न मनोरंजन साधन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह आयोजन न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्तिपीठ एवं समस्त ग्रामवासी चौरेल के तत्वावधान में संपन्न होगा, जबकि कार्यक्रम को संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर का सौजन्य प्राप्त है। मेला महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बालोद जिले के अंतर्गत **अर्जुन्दा** में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8085026287, 9425559113
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा
रायपुर (छ.ग.)
8370049468, 9098595071

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411